प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.124 / 2026)

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 28 सितंबर 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने दक्षिण दिल्ली में द्वारका, उत्तम नगर, जनकपुरी, महिपालपुर, मालवीय नगर, साकेत, लाजपत नगर, नरैना, पटेल नगर, करोल बाग, वंदे मातरम मार्ग, मयूर विहार और नोएडा सेक्टर 62 आदि में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने दिल्ली एसएसए के तहत जुलाई 2026 माह में दक्षिण दिल्ली और उसके के आस-पास के मार्गो पर किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले परिवेश में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 06 जुलाई से 10 जुलाई 2026 के दौरान दिल्ली एलएसए तहत 310.4 किमी सिटी ड्राइव, 06 हॉटस्पॉट लोकेशन, 5.5 किमी वाक टेस्ट और 01 स्थान पर इंटर कालिंग टेस्ट आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख मे आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/रुट में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. ड्राइव टेस्ट रुट मैप: मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, हॉटस्पॉट टेस्ट, हाईवे और रेलवे ड्राइव टेस्ट को दर्शाता है:-




*चित्र-1: ड्राइव टेस्ट रुट*

*5.* प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर:

क) कवरेज गैप: नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक *(2G/3G/4G/5G)* के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) वॉयस सर्विसेज : कॉल सैट अप सक्सेज रेट*(CSSR)*, ड्रॉप कॉल रेट*(DCR)*, कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (*MOS*) ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) डाटा सर्विसेज : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए दक्षिण दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को संक्षेप में नीचे दिया गया है: -

क) कवरेज गैप - आटो सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट मार्ग पर वॉयस टेस्ट के दौरान संकेत शक्ति देखी गई, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब संकेत शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए610/76581, एमटीएनएल के लिए 50483/72804 , आरजेआईएल के लिए 1050/75172 और वीआईएल के लिए 527/76883 थी। कवरेज गैप का विवरण अनुलग्नक के मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए 99/661, एमटीएनएल के लिए 99/661, आरजेआईएल के लिए 1/684, और वीआईएल के लिए 3/689 थे। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण अनुलग्नक के मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस, जिसे स्थापित कुल कॉलों में से > 3 सेकंड के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए 11/657, आरजेआईएल के लिए 14/651 और वीआईएल के लिए 12/66 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण अनुलग्नक के मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुटः

i) डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): औसत डाउनलोड स्पीड, एयरटेल(5*G*) के लिए 176.82 *Mbps*, एमटीएनएल(4*G*) के लिए 4.69 *Mbps*, आरजेआईएल(5*G*) के लिए 257.03 *Mbps* और वीआईएल(5*G*) के लिए 35.07 *Mbps* के रूप में देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण अनुलग्नक के मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): औसत अपलोड स्पीड, एयरटेल (5G) के लिए 24.83 Mbps, एमटीएनएल (4G) के लिए 1.15 Mbps, आरजेआईएल (5G) के लिए 18.98 Mbps और वीआईएल(5G) के लिए 20.70 Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण अनुलग्नक के मानचित्र में दर्शाया गया है।

अनुलग्नक के मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके ड्रॉप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थानों को देखा जा सकता है।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण नीचे दिया गया है -

क) शहर- दक्षिण दिल्ली और उसके आस पास के इलाकों में सिटी ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र हैं- द्वारका, उत्तम नगर, जनकपुरी, महिपालपुर, मालवीय नगर, साकेत, लाजपत नगर, नरैना, पटेल नगर, करोल बाग, वंदे मातरम मार्ग, मयूर विहार और नोएडा सेक्टर 62 आदि।

ख) हौटस्पॉट - स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करने वाले हॉटस्पॉट स्थानों में कवर किए गए क्षेत्र हैं- प्रशासनिक भवन आईआईटी दिल्ली, एम्स ओपीडी क्षेत्र, भीकाजी

कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन, दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम, हौज खास मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी सराय काले खां।

**ग) वाक टेस्ट** - 10 जुलाई 2026 को आयोजित वॉक टेस्ट में दिल्ली हाट आईएनए, सरोजिनी नगर मार्केट और डब्ल्यूटीसी नौरोजी नगर को शामिल किया गया, जिसमें भीड़ भरे पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.ca@trai.gov पर मेल भेजा जा सकता है या भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली से दूरभाष संख्या +91-11-20907772.पर संपर्क किया जा सकता है।

विवेक खरे

(विवेक खरे)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का.दिल्ली


<u>**अनुलग्नक**</u>


**क) कवरेज गैप** – वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है


| मानदंड | एयरटेल | एमटीएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 76581 | 72804 | 75172 | 76883 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 610 | 50483 | 1050 | 527 |
| सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 1042 | 0 | 0 |


**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

**देखा गया कवरेज गैप**











**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड कॉल -** ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -


| मानदंड | एयरटेल | एमटीएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 684 | 661 | 684 | 689 |
| ड्राप्ड कॉल की संख्या | 3 | 99 | 1 | 3 |

**ड्राप्ड काल्स स्थान**



AIRTEL
MOTI NAGAR
KAROL BAGH
Red Fort
Pacific Mall
Tagore garden
Raj Ghat Memorial
New Delhi
V3S Mall
Shri Laxmi Narayan
Temple (Birla Mandir)
NARAINA
Jantar Mantar
JANAKPURI
Military Area,
Delhi Cantonment
New Delhi
नई दिल्ली
DELHI
CANTONMENT
Nehru Park
New Delhi
PALAM
National Rail Museum
Air Force Museum
Hyatt Regency Delhi
LAJPAT NAGAR
VASANT VIHAR
Kalkaji mandir
MAHIPALPUR
HAUZ KHAS
Pacific Mall Jasola
Dwarka Expy
VASANT KUNJ
MALVIYA NAGAR
OKHLA PHASE
MEHRAULI
SAKET
Tughlaqabad Fort
GHITORNI
CHHATARPUR
SANGAM VIHAR
DELHI
HARYANA
Sarhol
AYA NAGAR
Google
Map data ©2026


MTNL
Baghpat
Sisana
Rai
Kharkhoda
Khekra
Mohiuddinpur
Hassangarh
Modinagar
मोदीनगर
Jasaur Kheri
Pavi Sadakpur
Muradnagar
Bahadurgarh
Delhi
दिल्ली
Masuri
Ghaziabad
गाजियाबाद
New Delhi
Chhapraula
Badli
Noida
नोएडा
Dadri
Badsa
Greater Noida
ग्रेटर नोएडा
Gurugram
गुरुग्राम
Farukh Nagar
Ghata
Faridabad
फरीदाबाद
Gothda
Mohbtabad
Maruti Kunj
Tigaon
Dankaur
Sikri
Kapriwas
Sohna
Pirthla
Tauru
Google
Map data ©2026

RJIL




VIL





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -


| मानदंड | एयरटेल | एमटीएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 657 | NA* | 651 | 661 |
| कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए | 5 | NA* | 14 | 12 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 11 | NA* | 14 | 12 |

* NA – लागू नहीं

**कॉल साईलेंस इंस्टेंस के स्थान**











**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


घ) **डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के खिलाफ औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:


**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | एमटीएनएल (3G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.00 | 8.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 176.82 | 4.69 | 257.03 | 35.07 |












**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**(ii) अपलोड थ्रूपुट:**

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | एमटीएनएल (3G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 8.00 | 1.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 24.83 | 1.15 | 18.98 | 20.70 |









**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।